शेरोवाली एक बार मेरे घर आ जाना

शेरोवाली एक बार मेरे घर आ जाना,
हाथ जोड़ के मैं कहती हु सुनलो विनती मेरी,
मैं तो मैया बाट निहारू मैया मेरी गली आ जाना...

रेखा मेरा नाम है मैया तुम सीधी आ जाना,
दाए हाथ पे घर है मेरा देखो ना शर्माना,
ठंडी ठंडी हवा चली है मौसम बड़ा सुहाना,
आए नवराते मैयाजी सबको दर्शन दे जाना,
एक बार हमारी गली.....

मन से तुम्हारी करुगी सेवा और मन की बात बताऊं,
जो कहती हु सच कहती हूं ऐसी वैसी न हू,
हलवा पूरी मैं अपने हाथो से तुम्हे खिलाऊ,
जब आराम करोगी तो प्रेम से चरण द्बाऊ,
एक बार हमारी गली.....

अब तो आजा मैया मेरी दास ये तेरा बुलाए,
दर्शन पाने की इच्छा मेरी मन में ना रह जाए,
भगत तेरे बैठे हैं मैया तेरी आस लगाए,
मन इच्छा पूरी कर दो तेरी जय जय कार बुलाए,
एक बार हमारी गली.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26889/title/sherowali-ek-baar-mere-ghar-aa-jana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |